**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 07-05-2007**

**Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar**

>

Title: Regarding delay in the construction of a by-pass over National Highway No. 24, in Bareilly of Uttar Pradesh.

**श्री संतोा गंगवार (बरेली):** महोदय, यूपीए सरकार किस तरह से काम कर रही है, मैं इसका नमूना आपके सामने रखना चाहता हूं। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भूतल परिवहन एक महत्वाकांक्षी योजना थी और पूरे देश में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के अधीन राट्रीय राजमार्ग को सही ढंग से बढ़ाने का काम हुआ था। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि सत्ता परिवर्तन के बाद जो सरकार आई, उस सरकार के मंत्री पक्षपातपूर्ण तरीके से काम कर रहे हैं। पिछले दिनों मैं एक मीटिंग में मौजूद था और मैंने माननीय भूतल परिवहन मंत्री जी से आग्रह किया कि जो काम पिछली सरकार के पेंडिंग पड़े हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। मैं आपको इस संबंध में अवगत कराना चाहता हूं कि राट्रीय राजमार्ग-24 पर 30 किलोमीटर का बाईपास छः साल पहले से स्वीकृत है, भूमि का अधिग्रहण और अन्य काम हो चुके हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि उत्तर भारत में इस राट्रीय राजमार्ग-24 सहित सारे काम पेंडिंग हैं। मैं आरोप लगाना चाहता हूं कि अधिकांश काम एक सूबे, एक राज्य में हो रहे हैं और मुझे माननीय मंत्री द्वारा जवाब यह दिया गया कि इस राज्य की उपेक्षा रही है, अब हम मंत्री बन गए हैं तो इस राज्य में सब काम होंगे। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं ऐसा पक्षपातपूर्ण व्यवहार नहीं होना चाहिए। जिस क्षेत्र में जहां आवश्यकता हो, वहां कार्य होना चाहिए और जो कार्य पेंडिंग हैं, जिन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए और उन कार्यों को ध्यान में रखा जाए। मैं फिर से कहना चाहूंगा कि राट्रीय राजमार्ग-24 पर, बरेली में जो बाईपास बनना है, इसके अलावा दो-तीन राट्रीय राजमार्गों पर बाईपास बनने हैं, यह पिछले पांच वर्षों से स्वीकृत हैं। इन पर काम होना चाहिए लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वर्तमान सरकार उन पर ध्यान नहीं दे पा रही है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि इस ओर ध्यान दिया जाए और इन कामों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।